# नगर निगम, सहारनपुर



**शिपू गिरि**
(नगर आयुक्त)



**डा. अजय कुमार**
(महापौर)

# पुनरीक्षित बजट

## वित्तीय वर्ष 2025 – 26

मा0 कार्यकारिणी प्रस्ताव संख्या – 55 दिनांक – 08.10.2025

मा0 सदन प्रस्ताव संख्या – दिनांक –

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 2-3 |
| 2 | विगत वर्षों के वास्तविक आय व व्यय | 4-6 |
| 3 | पुनरीक्षित बजट 2025-26 एक दृष्टि में | 7 |
| 4 | पुनरीक्षित बजट आय-व्यय (बजट) प्रपत्र | 8-14 |

# प्रस्तावना

नगर पालिका सहारनपुर की स्थापना संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 26 सन् 1850 के अन्तर्गत 21.12.1867 के अन्तर्गत हुआ है, जिसकी सीमा का निर्धारण 13.05.1868 को किया गया। नगर निगम सहारनपुर का गठन दिनांक 01.10.2009 को हुआ था, जो 70 वार्ड, 4 जोन एवं 73.72 वर्ग किमी0 में विस्तारित है, जिसकी अनुमानित जनसंख्या वर्तमान में 8.69 लाख है।

नगर निगम अधिनियम की धारा 114 तथा 115 में नगर निगम के अनिवार्य तथा विवेकाधीन कर्तव्यों के उद्देश्य पूर्ति हेतु नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 146 के अन्तर्गत नगर निगम सहारनपुर का वित्तीय वर्ष 2025-26 का मूल आय-व्ययक (बजट) अनुमान जो कि शून्य आधारित बजट (ZERO BASED BUDGET) है, प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल वास्तविक प्राप्तियों में स्वार्जित आय (कर व करेत्तर राजस्व) 17.57 प्रतिशत था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 16.60 प्रतिशत रहा। पुनरीक्षित बजट 2024-25 में उक्त अनुमान सकल प्राप्तियों का 15.40 प्रतिशत था। मूल बजट अनुमान 2025-26 में उक्त प्राप्तियों का अनुमान 14.80 प्रतिशत है। नगर निगमों को वित्तीय रूप से स्वायत्त होने के लिए स्वार्जित आय को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक कुल बजट का 25 प्रतिशत किये जाने का लक्ष्य है, जिसके अनुपालन के लिए प्रति वर्ष कुल बजट अंश में 2 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि किये जाने हेतु निगम सतत प्रयत्नशील है।

शहर की साफ सफाई व्यवस्था को सतत् रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु गीले कूडे के निस्तारण हेतु बी0पी0सी0एल0 से गीले कूडे से सी0एन0जी0 गैस के उत्पादन हेतु अनुबन्ध की प्रक्रिया चल रहीं है। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में प्रयुक्त वाहनों की रिपेयरिंग, ऑटोमैटिक वॉशिंग प्लान्ट जी0पी0एस0 मॉनिटरिंग किए जाने हेतु स्मार्ट गैराज की स्थापना की जा रही है। शहर के फ्लोटिंग पॉपुलेशन के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आधुनिक आकांक्षी शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है।

नदियों को पुनर्जीवित किये जाने के दृष्टिगत् शहर से गुजरने वाली नदियों पांवधोई एवं ढमोला में गिरने वाली नालों को टैप कर 135 एम0एल0डी0 क्षमता के एस0टी0पी0 निर्माण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साधित किया जाना है। वर्तमान में इन नदियों एवं बडे नालों पर बायोरेमिडेशन के द्वारा प्रवाहित जल के शुद्धिकरण का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है।

हसनपुर चुंगी होकर गुजरने वाले रजवाहे में प्रवाहित गंदे जल को ई0टी0पी0 के माध्यम से शोधित कर हसनपुर चुंगी स्थित अमृत तालाब के जल को मेंटेन किया जाना है।

उक्त के अतिरिक्त वर्तमान में स्थापित 38 एम0एल0डी0 क्षमता के एस0टी0पी0 कैंपस में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 62.5 के0एल0डी0 का एक अंडरग्राउंड रिजरवायर स्थापित कर शोधित जल को फायर ब्रिगेड के वाहनों, पार्कों एवं उद्यानों की सिंचाई तथा रोड धुलाई के कार्य में प्रयुक्त जल संरक्षण पर बल दिया जाना है। जल संरक्षण के क्रम को आगे बढाते हुए शहर के सभी 144 तालाबों का भी पुनर्जीवित कर भूमिगत जलस्तर को बढाने का भी लक्ष्य रखा गया है। शहर में डिमोलिश किये गये भवन के Construction मैटेरियल को निस्तारित किये जाने हेतु Construction Material Treatment Plant लगाकर पुनः प्रयोग किये जाने हेतु उत्पाद बनाकर निगम की आय में वृद्धि किये जाने का भी लक्ष्य है।

नगर निगम सहारनपुर शहरी निवासियों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति पर निरन्तर क्रियाशील है। निगम द्वारा नलकूपों के ऑटोमैटिक संचालन हेतु स्काडा सिस्टम लगाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। निगम के अन्तर्गत समायोजित किए गए 32 गांवों को अमृत 2.0 के अन्तर्गत शुद्ध पेयजल व्यवस्था का सुदृढीकरण किए जाने पर कार्य किया जाना है।

शहर के संधारणीय विकास (SUSTAINABLE DEVELOPMENT) के लिए नगर निगम कटिबद्ध है। उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए निगम की सडकों को पूर्णतः गड्ढा मुक्त किए जाने का कार्य सतत् रूप से किया जा रहा है। इस कार्य हेतु ऑटोमैटिक इन्फ्रारेड वाहन भी प्रयोग में लाया जा रहा है। शहर के ग्रीनबेल्ट को बढावा देने एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए डिवाईडरों एवं वर्टिकल गार्डन पर ओरनामेंटल एवं प्रदूषणरोधी पौधे लगाये जा रहे है एवं हरित क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बजटीय प्रावधानों में 25 प्रतिशत वृद्धि की गई है। अमृत योजना के अन्तर्गत पार्कों को सुसज्जित एवं सुन्दरीकरण तथा अमृत तालाब का निर्माण कर भूमिगत जलस्तर में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है।

उ0प्र0 सरकार द्वारा नगर निगम के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में सी0एम0ग्रिड योजना लाया गया है, जिसके द्वारा शहर का अवसंरचनात्मक सुधार, जनता के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था को बढावा देना एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित

विकास पर बल देना है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में विश्वस्तर की अवसंरचना विकसित किए जाने का उद्देश्य है। इस योजना के अन्तर्गत नगर निगम सहारनपुर द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा एवं रोजगार के नये अवसर सृजित करने के लिए ऑडिटोरियम निर्माण के प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए जेंडर बेस्ड बजट के तहत सेफ सिटी परियोजना को ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट एवं डार्क स्पॉट की पहचान कर पथ प्रकाश की व्यवस्था सतत् रूप से किया जा रहा है।

शहर के मार्गों को प्रकाश बिन्दुओं द्वारा निरंतर विस्तारित किया जा रहा है। सोडियम लाईटों को चरणबद्ध रूप से एल0ई0डी0 लाईटों में परिवर्तन पर बल दिया जा रहा है। शहर के सौन्दर्यीकरण के लिए स्ट्रीट पोलों पर रंगीन स्ट्रिप लाईट, टावर लाईट एवं थीम बेस्ड लाईटों पर कार्य किया जा रहा है तथा चौराहों एवं पार्कों में वाटर फाउन्टेन लगाये जा रहे है। लक्ष्य पूर्ति हेतु बजटीय प्रावधानों में 25 प्रतिशत बढाया गया है।

शहरी वायु को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु नगर निगम सहारनपुर द्वारा वार्ड संख्या 53 रायवाला में स्थित 65 बीघे की निगम की भूमि पर अमृत वन वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उक्त स्थल पर मियावाकी पद्धति से वनावरण एवं वृक्षावरण कर क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करते हुए क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की संकल्पना के विकास को बल प्रदान किया जा रहा है।

उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के क्रम में नगर निगम सहारनपुर द्वारा माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला की स्थापना की गयी है, जो कि प्रदेश की निकायों में स्थित समस्त गौशालाओं एवं नन्दीशालाओं में आई0एस0ओ0 प्रमाणित श्रेष्ठतम स्थान पर है। माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला उ0प्र0 की पहली आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र कम्पोस्ट, मेथेन गैस उत्पादन से जनरेटर संचालन, दुग्ध उत्पाद के साथ आय के अन्य नवीन स्त्रोतों के विकास के साथ आत्मनिर्भर बनाये जाने की ओर अग्रसर है। उक्त उत्पाद को मा0 प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया इनिशियेटिव को आगे बढाने हेतु ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन पर उपलब्ध है।

शहरी क्षेत्र की नागरिक सुविधा हेतु आधारभूत ढांचे को विस्तार देने में नगर निगम सहारनपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वहीं धनाभाव की पूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना हेतु रू.960 करोड (50 प्रतिशत केन्द्रांश+50 प्रतिशत राज्यांश) का आवंटन मील का पत्थर साबित हुआ है।

हरियाणा,हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड को जोडने वाली सडक शहर का अम्बाला रोड रू204 करोड इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेन्टर की रू. 145 करोड, सीवर नेटवर्क 99.62 करोड, आई0ई0सी0 एक्टिविटी का संचालन, डिजिटल वी0एम0सी0 की स्थापना, नगरीय क्षेत्र में जामरहित यातायात प्रबंधन एवं प्रदूषण रहित जीरो एमिशन पर आधारित ई-बसों के संचालन जैसी महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को एकमुश्त धनावंटन के द्वारा ही धरातल पर उतारा जा सकता था।

स्मार्ट सिटी परियोजना 2.0 के अगले चरण में भी शहर के अतिरिक्त संरचनात्मक नागरिक सुविधाओं को विस्तार दिया जाएगा, जिससे सहारनपुर शहर उच्चकोटि के आधुनिक सुख सुविधाओं से संपन्न शहरों की श्रेणी में अपना स्थान बना सकेगा।

चाहे सहारनपुर नगरीय क्षेत्र की नागरिक सुविधा संबंधित चुनौतियों का आकलन हो अथवा उन चुनौतियों के निराकरण हेतु परियोजनाओं की परिकल्पना हो, परिकल्पित परियोजनाओं के धरातल पर क्रियान्वित करने का प्रश्न हो, उक्त तीनो स्तरों पर स्मार्ट सिटी मिशन के सफल संचालन में नगर निगम सहारनपुर की महती भूमिका रही है।

इस प्रकार प्रस्तुत बजट में नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, उच्च गुणवत्तायुक्त संधारित अवसंरचना का विकास, शहर का सौन्दर्यीकरण, शुद्ध एवं निर्बाध जलापूर्ति एवं सेफ सिटी के उद्देश्य को पूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

# निगम की वास्तविक व अनुमानित आय विवरण

(रू.करोड में)

| क्रम संख्या | | 2022-23 (वास्तविक आय) | 2023-24 (वास्तविक आय) | 2024-25 (वास्तविक आय) | 2025-26 (पुनरीक्षित बजुट आय अनुमान) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर राजस्व | 24.87 | 29.70 | 31.89 | 55.21 |
| 2 | करेत्तर राजस्व | 20.2 | 22.11 | 28.2 | 44.02 |
| 3 | राज्य वित्त आयोग ग्रांट आय | 122.57 | 174.28 | 171.19 | 190.00 |
| 4 | केन्द्रीय वित्त आयोग ग्रांट आय | 50.25 | 76.77 | 54.82 | 64.00 |
| 5 | अन्य ग्रांट आय | 38.52 | 28.40 | 17.43 | 196.02 |
| | कुल योग | **256.41** | **331.26** | **303.53** | **549.52** |


# निगम का वास्तविक व अनुमानित व्यय विवरण

(रू करोड में)


| क्रम संख्या | | | | 2022-23 (वास्तविक व्यय) | 2023-24 (वास्तविक व्यय) | 2024-25 (वास्तकि व्यय) | 2025-26 (पुनरीक्षित बजट व्यय अनुमान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व व्यय | 1 | अधिष्ठान व्यय | 102.45 | 109.58 | 117.23 | 150.85 |
| | | 2 | अन्य राजस्व व्यय | 55.09 | 43.66 | 72.43 | 284.45 |
| 2 | पूंजीगत व्यय | 3 | पूंजिगत व्यय | 35.78 | 43.07 | 39.31 | 149.40 |
| | | 4 | अन्य योजनागत व्यय | 22.58 | 16.63 | 22.61 | 55.37 |
| | | | कुल योग | **215.90** | **212.94** | **251.58** | **640.07** |

## INCOME IN CRORE

| FUND NAME | 2022-23 (ACTUAL INCOME) | 2022-23 ACTUAL (INCOME IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 45.07 | 17.57% |
| SFC | 122.57 | 47.81% |
| CFC | 50.25 | 19.60% |
| OG | 38.52 | 15.02% |
| **TOTAL** | **256.41** | **100%** |





| FUND NAME | 2023-24 (ACTUAL INCOME) | 2023-24 ACTUAL (INCOME PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 51.81 | 15.64% |
| SFC | 174.28 | 52.62% |
| CFC | 76.77 | 23.17% |
| OG | 28.40 | 8.57% |
| **TOTAL** | **331.26** | **100%** |





## INCOME IN CRORE

| FUND NAME | 2024-25 ((ACTUAL BUDGET INCOME) | 2024-25 (ACTUAL (INCOME IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 60.09 | 19.79% |
| SFC | 171.19 | 56.40% |
| CFC | 54.82 | 18.07% |
| OG | 17.43 | 5.74% |
| **TOTAL** | **303.53** | **100%** |





| FUND NAME | 2025-26 (REVISED BUDGET ESTIMATE) | 2025-26 (REVISED BUDGET ESTIMATE PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 99.23 | 18.06% |
| SFC | 190.00 | 34.60% |
| CFC | 64.00 | 11.66% |
| OG | 196.02 | 35.68% |
| **TOTAL** | **549.25** | **100%** |




# EXPENDITURE IN CRORE

| EXPENSE NAME | 2022-23 (ACTUAL EXP.) | 2022-23 ACTUAL (EXP. IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| ESTABLISHMENT EXP. | 102.45 | 47.46% |
| OTHER REVENUE EXP. | 55.09 | 25.52% |
| CAPITAL | 35.78 | 16.57% |
| OTHERS | 22.58 | 10.45% |
| **TOTAL** | **215.90** | **100%** |


| EXPENSE NAME | 2023-24 (ACTUAL EXP.) | 2023-24 ACTUAL (EXP. PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| ESTABLISHMENT EXP. | 109.58 | 51.47% |
| OTHER REVENUE EXP. | 43.66 | 20.51% |
| CAPITAL | 43.07 | 20.22% |
| OTHERS | 16.63 | 7.80% |
| **TOTAL** | **212.94** | **100%** |





| EXPENSE NAME | 2024-25 (ACTUAL EXP) | 2024-25 ACTUAL (EXP. IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| ESTABLISHMENT EXP. | 117.23 | 46.59% |
| OTHER REVENUE EXP. | 72.43 | 28.80% |
| CAPITAL | 39.31 | 15.63% |
| OTHERS | 22.61 | 8.98% |
| **TOTAL** | 251.58 | **100%** |

| EXPENSE NAME | 2025-26 (REVISED BUDGET ESTIMATE) | 2025-26 (REVISED BUDGET ESTIMATE IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| ESTABLISHMENT EXP. | 150.85 | 23.56% |
| OTHER REVENUE EXP. | 284.45 | 44.45% |
| CAPITAL | 149.4 | 23.34% |
| OTHERS | 55.37 | 8.65% |
| **TOTAL** | 640.07 | **100%** |



# नगर निगम, सहारनपुर

## मूल आय–व्यय अनुमान (2025–2026)

| क्रमांक | प्राप्तियाँ | वास्तविक आय 2024–25 | मूल आय अनुमान 2025–26 | पुनरीक्षित आय अनुमान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक अवशेष | | अनुमानित अवशेष 17225.76 | (01–04–2025 प्रारम्भिक अवशेष) 28668.31 |
| 2 | वर्ष की आय | | | |
| क | राजस्व प्राप्तियाँ | | | |
| i | कर प्राप्तियाँ | 3189.66 | 5300.00 | 5521.50 |
| ii | करेत्तर प्राप्तियाँ | 2820.03 | 2355.20 | 4401.60 |
| | योग (i+ii) | **6009.69** | **7655.20** | **9923.10** |
| ख | शासकीय अनुदानों से प्राप्तियाँ | 24102.79 | 43952.00 | 43952.58 |
| ग | उच्चन्त प्राप्तियाँ | 241.30 | 250.00 | 1050.00 |
| 3 | कुल आय (क+ख+ग) | **30353.78** | **51857.20** | **54925.68** |
| 4 | कुल योग (1+3) | | **69082.96** | **83593.99** |

व्यय पक्ष (धनराशि रूपयें लाख में)

| क्रमांक | व्यय | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल व्यय अनुमान 2025–26 | पुनरीक्षित व्यय अनुमान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिष्ठान व्यय | 11723.59 | 15085.00 | 15085.00 |
| 2 | पथ–प्रकाश व्यय | 461.43 | 1972.08 | 1972.08 |
| 3 | जल कल व्यय | 2088.75 | 5480.00 | 4905.00 |
| 4 | स्वास्थ्य गैराज पर व्यय | 746.27 | 2820.00 | 2821.00 |
| 5 | निर्माण कार्य व्यय | 6574.83 | 27640.54 | 28640.54 |
| 6 | गौशाला अनुभाग | 240.97 | 825.00 | 825.00 |
| 7 | उद्यान अनुभाग | 104.91 | 683.19 | 733.19 |
| 8 | रिकार्ड अनुभाग | 351.72 | 609.00 | 609.00 |
| 9 | विविध कार्यो में व्यय | 2713.26 | 3067.05 | 7367.05 |
| 10 | उच्चंत | 152.41 | 250.00 | 1050.00 |
| 11 | कुल व्यय | **25158.14** | **58431.86** | **64007.86** |
| 12 | अन्तिम अवशेष | | **10,651.10** | **19,586.13** |
| 12 | कुल योग | | **69,082.96** | **83,593.99** |

(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# पुनरीक्षित बजट अनुमानित आय 2025–26

आय पक्ष (धनराशि रुपये लाख में)

| अकाउंट कोड | आय के शीर्षक | वास्तविक आय 2024–25 | मूल प्राविधान 2025–26 | वास्तविक आय दिनांक 01.04. 2025 से 31.07. 2025 तक | पुनरीक्षित प्राविधान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|
| | **कर प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1100101 | गृहकर (सेवाप्रभार सर्विस चार्ज सहित) | 1551.37 | 3000.00 | 607.90 | 3126.00 |
| 1100102 | जलकर | 1437.77 | 2000.00 | 731.68 | 2129.20 |
| 1100103 | सीवर कर | 198.42 | 250.00 | 106.70 | 256.30 |
| 1100104 | प्रेक्षागृह कर (शो टैक्स) | 2.10 | 50.00 | 0.25 | 10.00 |
| | योगः– | **3189.66** | **5300.00** | **1446.53** | **5521.50** |
| | **करेत्तर प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1200101 | 02 : निबंधन शुल्क से आय (अवस्थापना विकास निधि) | 713.85 | 500.00 | 0.00 | 1,500.00 |
| 1200102 | व्यवसायिक दुकानात किराया/आई0डी0एस0एम0टी0 किराया/प्रीमियम दुकानात किराया | 47.95 | 110.00 | 4.24 | 110.00 |
| 1200103 | जनमंच किराया | | 10.00 | 2.10 | 10.00 |
| 1200104 | भूमि किराया | 36.52 | 18.00 | 8.38 | 20.00 |
| 1200105 | वैंडिग जोन किराया | | 40.00 | 14.90 | 65.00 |
| 1200106 | दण्ड एवं जुर्माना (लाईसेंस विभाग) | 22.46 | 5.00 | 0.09 | 5.00 |
| 1200107 | दण्ड एवं जुर्माना (विज्ञापन विभाग) | | 5.00 | 0.42 | 5.00 |
| 1200108 | दण्ड एवं जुर्माना (अतिकमण विभाग) | | 5.00 | 0.24 | 5.00 |
| 1200109 | दण्ड एवं जुर्माना (स्वास्थ्य विभाग) | | 10.00 | 3.61 | 15.00 |
| 1200110 | दण्ड एवं जुर्माना (एन0जी0टी0) | | 2.00 | 0.0 | 2.00 |
| 1200111 | दण्ड एवं जुर्माना (पशु कल्याण विभाग) | | 5.00 | 0.89 | 5.00 |
| 1200112 | दण्ड एवं जुर्माना (ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता) | | 5.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1200113 | मेला ठेका/प्रदर्शनी से आय | 352.62 | 360.00 | 0.00 | 360.00 |
| 1200114 | विज्ञापन से आय | 162.69 | 200.00 | 125.03 | 200.00 |
| 1200115 | पार्किंग ठेके/टैक्सी स्टैन्ड/अन्य ठेके से आय | 118.83 | 200.00 | 28.05 | 200.00 |
| 1200116 | होटल, लाज, धर्मशाला इत्यादि लाईसेंस शुल्क से आय | 65.32 | 20.00 | 6.74 | 20.00 |
| 1200117 | स्कूल/कॉलेज बस लाईसेंस शुल्क से आय | | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| 1200118 | नर्सिंग होम/अस्पाताल लाईसेंस शुल्कसे आय | | 19.00 | 0.00 | 19.00 |
| 1200119 | रिक्शा शुल्क/ऑटो रिक्शा लाइसेंस शुल्क से आय | | 4.00 | 0.07 | 4.00 |
| 1200120 | कुत्ता लाईसेंस शुल्क से आय | | 2.00 | 0.58 | 2.00 |
| 1200121 | बियर और शराब की दुकान लाईसेंस शुल्क से आय | | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1200122 | अन्य लाईसेंस शुल्क से आय | | 30.00 | 26.29 | 94.40 |
| 1200123 | पशु वधशालाओ से आय/शुल्क | 73.51 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1200124 | जलकल विविध– जलमुल्य–जल बिक्री से आय/जल संयोजन आदि | 0.46 | 5.00 | 0.10 | 5.00 |
| 1200125 | नामान्तरण शुल्क/नाम परिवर्तन से आय | 145.54 | 150.00 | 33.90 | 150.00 |
| 1200126 | प्रतिलिपि शुल्क/नकल फीस | 3.13 | 4.00 | 1.24 | 4.00 |
| 1200127 | निगम उपकरण/मशीन किराया से आय | 0.30 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1200128 | विकास प्राधिकरण–आवास विकास–मलवा/अंबार निस्तारण शुल्क | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1200129 | निष्प्रयोज्य अप्रचलित भण्डार से आय | 6.30 | 30.00 | 2.26 | 30.00 |
| 1200130 | निष्प्रयोज्य अप्रचलित सम्पत्ति से आय | | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1200131 | सड़क उत्खनन(रोड कटिंग) क्षति पुर्ति शुल्क | 22.86 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 1200132 | निविदा शुल्क से आय | 37.94 | 60.00 | 14.30 | 60.00 |
| 1200133 | ठेकेदारों का पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क | 2.78 | 5.00 | 2.32 | 5.00 |
| 1200134 | प्रयोक्ता शुल्क (यूजर चार्ज) | 68.00 | 100.00 | 21.58 | 100.00 |
| 1200135 | विनियोगो से आयः– (1) सावधि जमा ब्याज | 880.58 | 100.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1200136 | (2) सामान्य ब्याज | | 200.00 | 219.77 | 900.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1200137 | कर्मचारियों/अधिकारियों से प्राप्ति किराया–मकान की कटौती | 0.00 | 8.00 | 0.00 | 8.00 |
| 1200138 | अधिकारियों से प्राप्ति– वाहन उपयोग कटौती से प्राप्त आय | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200139 | गौशाला से आय | 58.39 | 10.00 | 3.77 | 15.00 |
| 1200140 | जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र शुल्क | | 1.00 | 0.27 | 1.00 |
| 1200141 | जनसूचना शुल्क | | 0.20 | 0.00 | 0.20 |
| 1200142 | विविध प्राप्तियाँ | | 10.00 | 3.91 | 50.00 |
| | योगः– | 2820.03 | 2355.20 | 525.05 | 4401.60 |
| | **शासकीय अनुदानो से प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1300101 | राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि | 17119.79 | 19000.00 | 4710.19 | 19000.00 |
| 1300102 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान | 5482.67 | 6400.00 | 0.00 | 6400.00 |
| 1300103 | अमृत मिशन अनुदान से प्राप्त धनराशि | 109.50 | 370.00 | 0.00 | 370.00 |
| 1300104 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशुपालन योजना/निराश्रित पशुओं हेतु भरण पोषण योजना/ए0बी0सी0सैन्टर आदि विविध योजना से आय | 110.12 | 220.00 | 0.00 | 220.00 |
| 1300105 | स्मार्ट सिटी योजना से प्राप्त धनराशि | 27.92 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300106 | सी0 एम0 ग्रिड योजना | 952.49 | 5840.00 | 1202.49 | 5840.00 |
| 1300107 | डा0 ए.पी.जे अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना में उपलब्ध धनराशि (ब्याज सहित) | 0.00 | 442.08 | 0.00 | 442.08 |
| 1300108 | स्वच्छ भारत मिशन से प्राप्त धनराशि | 68.75 | 1200.00 | 0.00 | 1200.00 |
| 1300109 | नया सवेरा/पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत ऋण | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300110 | नगरीय जल निकासी योजना | 0.00 | 1260.50 | 0.00 | 1260.50 |
| 1300111 | नगरीय सड़क सुधार योजना | 0.00 | 120.00 | 0.00 | 120.00 |
| 1300112 | नगरीय झील/पोखर/तालाब संरक्षण योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1300113 | अन्त्येष्टि स्थल/विकास अनुदान | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300114 | सांसद/विधायक निधि से अनुदान | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300115 | पी0एम0 स्वनिधि योजना धनराशि | 5.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300116 | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना से प्राप्त धनराशि | 0.00 | 8500.00 | 0.00 | 8500.00 |
| 1300117 | अन्य शासकीय अनुदान | 226.55 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| | योग | 24102.79 | 43952.58 | 5912.68 | 43952.58 |
| | **उच्चन्त प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1400101 | ठेकेदारो की जमानत से प्राप्ति | 225.57 | 200.00 | 169.95 | 1000.00 |
| 1400102 | सामुहिक जीवन बीमा धनराशि की प्राप्ति | 15.73 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| | योगः– | 241.3 | 250.00 | 169.95 | 1050.00 |
| | **प्राप्तियों का महायोगः–** | **30353.78** | **51857.78** | **8054.21** | **54925.68** |

(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

( शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर

(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम, सहारनपुर

# पुनरीक्षित बजट अनुमानित व्यय 2025–26

(धनराशि रू0 लाख में)

| अकाउंट कोड | व्यय के शीर्षक | (निधि ) | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अधिष्ठान व्यय** | | | | | |
| 1500101 | केन्दीयत पालिका सेवा अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 803.4 | 1100.00 | 250.73 | 1100.00 |
| 1500102 | मुख्य नगर लेखा परीक्षक अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 22.77 | 40.00 | 7.99 | 40.00 |
| 1500103 | सामान्य कर्मचारी अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 1737.17 | 2100.00 | 557.11 | 2100.00 |
| 1500104 | स्वच्छतामित्र अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 2884.66 | 3600.00 | 924.52 | 3600.00 |
| 1500105 | पेंशन अनुदान एवं अन्य अधिवर्षता व्यय | राज्यवित्त | 2130.77 | 2900.00 | 936.80 | 2900.00 |
| 1500106 | आउटसोर्सिंग कर्मचारियों पर व्यय | राज्यवित्त | 3636.93 | 4600.00 | 1280.02 | 4600.00 |
| 1500107 | संविदा कर्मचारियों पर व्यय | राज्यवित्त | 450.36 | 530.00 | 154.62 | 530.00 |
| 1500108 | चिकिसा प्रतिपूर्ति व्यय | राज्यवित्त | 49.25 | 200.00 | 4.19 | 200.00 |
| 1500109 | यात्रा भत्ता पर व्यय | निगम निधि | 8.28 | 15.00 | 0.33 | 15.00 |
| | योग | | **11723.59** | **15085.00** | **4116.31** | **15085.00** |
| | **पथप्रकाश** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
| 1600101 | पथ प्रकाश सामान क्रय | राज्यवित्त | 50.92 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1600102 | ई0ई0एस0एल0 पर व्यय | राज्य वित्त | 195.04 | 500.00 | 0.00 | 500.00 |
| 1600103 | पथ प्रकाश मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 66.02 | 80.00 | 0.00 | 80.00 |
| 1600104 | पथ प्रकाश विस्तार कार्य | राज्य वित्त | 71.78 | 200.00 | 0.65 | 200.00 |
| 1600105 | डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना (दायित्व पर व्यय) | डा0ए0पी0जे0 सौर पुंज योजना | 0.00 | 442.08 | 0.00 | 442.08 |
| 1600106 | केन्द्रीय वित्त आयोग से पथ प्रकाश पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 77.67 | 150.00 | 0.00 | 150.00 |
| 1600107 | पथ प्रकाश पर व्यय (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 300.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1600108 | पथ प्रकाश पर व्यय (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 100.00 | 29.39 | 100.00 |
| | योगः– | | **461.43** | **1972.08** | **30.04** | **1972.08** |
| | **जल–कल** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
| 1700101 | जलकल सामान क्रय पर व्यय | राज्यवित्त | 4.87 | 65.00 | 0.00 | 150.00 |
| 1700102 | जलकल पाईप लाईन, हैण्डपम्प, नलकूप आदि मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 811.02 | 1100.00 | 10.65 | 1100.00 |
| 1700103 | हैण्ड पम्प स्थापना–पुनर्स्थापना पर व्यय | राज्यवित्त | 0.00 | 80.00 | 3.79 | 80.00 |
| 1700104 | हैण्ड पम्प स्थापना–पुनर्स्थापना पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 8.62 | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1700105 | नये नलकूप स्थापना पर व्यय | राज्यवित्त | 55.72 | 120.00 | 0.00 | 120.00 |
| 1700106 | नये नलकूप स्थापना पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 14.30 | 30.00 | 0.00 | 30.00 |
| 1700107 | नये क्षेत्रो में पाईप लाईन पर व्यय | राज्यवित्त | 119.47 | 360.00 | 0.00 | 360.00 |
| 1700108 | नये क्षेत्रो में पाईप लाईन पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 28.48 | 90.00 | 0.00 | 90.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1700109 | नलकूप विद्युत संयोजन पर व्यय | निगम निधि | 38.68 | 100.00 | 18.13 | 100.00 |
| 1700110 | जलकल विविध व्यय | निगम निधि | 5.61 | 10.00 | 0.81 | 100.00 |
| 1700111 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से जलापूर्ति पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 800.00 | 2000.00 | 62.93 | 2000.00 |
| 1700112 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से जलापूर्ति पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | केन्द्रीय वित्त | 200.00 | 500.00 | 0.00 | 500.00 |
| 1700113 | अमृत मिशन के अंतर्गत ए०एंड ओई मद पर व्यय | अमृत –II | 1.98 | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| 1700114 | जल विभाग पर व्यय (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 400.00 | 38.50 | 100.00 |
| 1700115 | जल विभाग पर व्यय (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 600.00 | 87.69 | 150.00 |
| | योगः– | | 2088.75 | 5480.00 | 222.5 | 4905.00 |

| | स्वास्थ्य एवं गैराज | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1800101 | चिकित्सा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 1800102 | ठोस अपशिष्ठ निस्तारण पर व्यय | निगम निधि | 21.11 | 25.00 | 0.00 | 25.00 |
| 1800103 | नाला सफाई/बायोरेमिडेशन पर व्यय | निगम निधि | 2.32 | 70.00 | 0.00 | 70.00 |
| 1800104 | गैराज वाहन एवं अन्य सामान का क्रय | राज्यवित्त | 173.70 | 175.00 | 29.67 | 175.00 |
| 1800105 | गैराज वाहन/अन्य सफाई उपकरण मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 85.22 | 300.00 | 12.40 | 300.00 |
| 1800106 | स्वास्थ्य स्टोर चूना–गेरू, कीटनाशक एवं दवा क्रय पर व्यय | निगम निधि | 67.80 | 150.00 | 33.89 | 150.00 |
| 1800107 | वर्दी व्यय | निगम निधि | 0.00 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 1800108 | वाहनों का बीमा भुगतान | निगम निधि | 0.00 | 30.00 | 0.00 | 60.00 |
| 1800109 | वाहन किराये पर व्यय | निगम निधि | 113.45 | 140.00 | 29.32 | 110.00 |
| 1800110 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन | केन्द्रीय वित्त | 98.67 | 600.00 | 83.59 | 600.00 |
| 1800111 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट पर व्यय | SBM | 48.33 | 500.00 | 0.00 | 500.00 |
| 1800112 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण पर व्यय | SBM | 0.00 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1800113 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आई0ई0सी0 मद पर व्यय | SBM | 0.04 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1800114 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अन्य कार्य | SBM | 135.63 | 300.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1800115 | स्वास्थ्य स्टोर /गैराज विभाग पर (दायित्व) | राज्यवित्त | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1800116 | स्वास्थ्य स्टोर /गैराज विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 150.00 | 13.33 | 150.00 |
| 1800117 | ठोस अपशिष्ठ पृथककरण व्यय | राज्य वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.00 |
| | योगः– | | 746.27 | 2820.00 | 202.20 | 2821.00 |

| | निर्माण कार्य | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1900101 | भवन निर्माण आदि पर व्यय | राज्यवित्त | 8.36 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1900102 | भवन मरम्मत आदि पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1900103 | नयी सडक एंव नाली निर्माण पर व्यय | राज्यवित्त | 911.25 | 1200.00 | 0 | 1200.00 |
| 1900104 | नयी सडक एंव नाली निर्माण पर व्यय (कमजोर वर्ग हेतु) | राज्यवित्त | 160.23 | 300.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1900105 | सडक मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 1885.47 | 2100.00 | 8.35 | 2100.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1900106 | नाली/शीवर लाइन-ढक्कन/ आदि मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 101.77 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900107 | पुल/पुलिया/क्रास पुलिया निर्माण | राज्य वित्त | 99.38 | 150.00 | 0.00 | 150.00 |
| 1900108 | सड़क पटरी निर्माण/मरम्मत कार्य | निगम निधि | 39.64 | 200.00 | 15.8 | 200.00 |
| 1900109 | यातायात सुरक्षा/चौराहे/डिवाईडर का निर्माण/सुन्दरीकरण | राज्य वित्त | 123.32 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900110 | शौचालय/यूरिनल निर्माण पर व्यय | राज्य वित्त | 71.68 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900111 | विविध निर्माण पर व्यय | निगम निधि | 221.46 | 100.00 | 21.2 | 100.00 |
| 1900112 | केन्द्रिय वित्त आयोग अनुदान से निर्माण कार्यो पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 2165.68 | 2440.00 | 0.00 | 2440.00 |
| 1900113 | केन्द्रिय वित्त आयोग अनुदान से निर्माण कार्यो पर व्यय कमजोर वर्ग | केन्द्रीय वित्त | 279.78 | 610.00 | 0.00 | 610.00 |
| 1900114 | अवस्थापना विकास निधि से निर्माण कार्यो पर व्यय | अ0वि0नि0 | 0.00 | 220.00 | 0.00 | 650.00 |
| 1900115 | अवस्थापना विकास निधि से निर्माण कार्यो पर व्यय (कमजोर वर्ग हेतु) | अ0वि0नि0 | 0.00 | 55.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900116 | अवस्थापना विकास निधि से आय सृजित करने वाली संपत्तियों का सृजन | अ0वि0नि0 | 0.00 | 225.00 | 0.00 | 650.00 |
| 1900117 | स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय, यूरिनल आदि का निर्माण पर व्यय | SBM | 39.81 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900118 | अमृत मिशन के अंतर्गत पार्को पर व्यय | अमृत –II | 178.29 | 370.00 | 29.49 | 370.00 |
| 1900119 | नगरीय सड़क सुधार योजना | योजना निधि | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1900120 | नगरीय जल निकासी योजना | योजना निधि | 0.00 | 1260.54 | 0.00 | 1260.54 |
| 1900121 | अन्त्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900122 | सांसद विधायक निधि से निर्माण कार्य पर व्यय | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900123 | नया सवेरा/पं० दी०द०उ० नगर विकास योजना | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900124 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य पर व्यय | योजना निधि | 14.78 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1900125 | पी0एम0स्वनिधि योजना से व्यय | योजना निधि | 5.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1900126 | अन्य शासकीय अनुदानों से व्यय | योजना निधि | 0.40 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900127 | अमृत–II निकायांश | निगम निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900128 | सी0 एम0 ग्रिड योजना से व्यय | योजना निधि | 268.53 | 5840.00 | 0.00 | 5840.00 |
| 1900129 | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना से निर्माण कार्यो पर व्यय | योजना निधि | 0.00 | 8500.00 | 0.00 | 8500.00 |
| 1900130 | सी0एम0 ग्रिड योजना (निकाय अंश) | निगम निधि | 0.00 | 200.00 | 6.45 | 200.00 |
| 1900131 | निर्माण विभाग पर (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 1000.00 | 357.50 | 1000.00 |
| 1900132 | निर्माण विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 1500.00 | 53.29 | 1500.00 |
| | योग | | **6574.83** | **27640.54** | **492.08** | **28640.54** |

| गौशाला अनुभाग | | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000101 | निराश्रित पशु नियंत्रण/भूसे-चारे/गौशाला रख-रखाव पर व्यय | निगम निधि | 89.99 | 175.00 | 15.44 | 175.00 |
| 2000102 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त धनराशि से व्यय | योजना निधि | 54.63 | 200.00 | 11.85 | 200.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000103 | श्वान बंधाकरण, ए0बी0सी0सेंटर संचालन एवं पशुनियंत्रण आदि पर व्यय | निगम निधि | 96.35 | 200.00 | 50.23 | 200.00 |
| 2000104 | 2030 तक भारत से कुत्तो से होने वाली रेबीज के उन्मूलन के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी–आरई) | निगम निधि | 0.00 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 2000105 | गौशाला विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 0.26 | 50.00 |
| | | | | | | |
| | | | **240.97** | **825.00** | **77.78** | **825.00** |
| | **उद्यान अनुभाग** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
| 2100101 | पार्को में बाऊण्ड्री वाल,निर्माण / मरम्मत / तारबाड़ पर व्यय | निगम निधि | 56.51 | 150.00 | 0.00 | 150.00 |
| 2100102 | वृक्षारोपण / पौध रोपण एवं गमले की सज्जा पर व्यय | निगम निधि | 7.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 2100103 | नगरीय क्षेत्रों में उपवन योजना (व्यय) | योजना निधि | 0.00 | 283.19 | 0.00 | 283.19 |
| 2100104 | केन्द्रीय वित्त आयोग से उद्यान /पार्क आदि पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 41.40 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 2100105 | उद्यान विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 15.17 | 50.00 |
| 2100106 | पार्को की अवसंरचना व्यय | राज्य वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 50.00 |
| | योग | | **104.91** | **683.19** | **15.17** | **733.19** |
| | **रिकार्ड अनुभाग** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
| 2200101 | नजारत / निगम भवन अनुरक्षण एवं साज सज्जा पर व्यय | निगम निधि | 121.8 | 150.00 | 0.59 | 150.00 |
| 2200102 | निगम सम्पत्ति की चारदिवारी / तारबाड़ एवं रख–रखाव आदि पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 2200103 | जनमंच / सामुदायिक भवन / रैनबसेरों के रखाव पर व्यय | निगम निधि | 19.10 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 2200104 | मेला /प्रर्दशनी, विविध आयोजन पर व्यय | निगम निधि | 110.14 | 130.00 | 34.77 | 130.00 |
| 2200105 | मुदण / छपाई व्यय | निगम निधि | 18.64 | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 2200106 | स्टेशनरी / लेखन सामग्री पर व्यय | निगम निधि | 5.40 | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 2200107 | जनकल्याणकारी सुविधाओं (अलाव, कम्बल के वितरण आदि) पर व्यय | निगम निधि | 56.57 | 65.00 | 0.00 | 65.00 |
| 2200108 | इन्टरनेट,वेबसाइट,ई–गवर्नेस एवं दूरसंचार पर व्यय | निगम निधि | 5.22 | 12.00 | 0.00 | 12.00 |
| 2200109 | कंम्प्यूटराइजेशन / इलेक्ट्रानिक उपकरण क्रय–मरम्मत | निगम निधि | 14.85 | 12.00 | 0.00 | 12.00 |
| 2200110 | रिकार्ड विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 100.00 | 36.67 | 100.00 |
| | योग | | **351.72** | **609.00** | **72.03** | **609.00** |
| | **विविध कार्यो पर व्यय** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | मूल प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक | पुनरीक्षित व्यय प्राविधान 2025–26 |
| 2300101 | स्मार्ट सिटी योजना से व्यय | स्मार्ट सिटी | 1788.09 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 2300102 | स्मार्ट सिटी योजना से (दायित्व) | स्मार्ट सिटी | 0.00 | 1500.00 | 139.07 | 1500.00 |
| 2300103 | पुस्तकालय साज–सज्जा एवं पत्र–पत्रिका क्रय पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 2300104 | विधि–व्यय | निगम निधि | 19.58 | 20.00 | 1.22 | 20.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2300105 | विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार पर व्यय | निगम निधि | 33.23 | 60.00 | 0.00 | 60.00 |
| 2300106 | श्रम उपकर/रायल्टी/जी0एस0टी0/आयकर/ भुगतान पर व्यय | निगम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना आदि | 122.82 | 200.00 | 98.11 | 500.00 |
| 2300107 | विद्युत भुगतान पर व्यय | निगम निधि | 26.76 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 2300108 | ईधन पर व्यय(गैराज/ रिकार्ड/जलकल /पथ प्रकाश/ निर्माण/ अतिक्रमण/ मुख्यालय/ जनमंच आदि) | निगम निधि | 693.08 | 1075.00 | 184.19 | 1075.00 |
| 2300109 | विविध व्यय | निगम निधि | 29.70 | 15.00 | 6.37 | 15.00 |
| 2300110 | मा0 महापौर/पार्षदगण अध्ययन भ्रमण व्यय | निगम निधि | 0.00 | 30.00 | 2.03 | 30.00 |
| 2300111 | सी0ए0 सलाहकार शुल्क (चार्टर्ड एकाउंटेंट) | निगम निधि | 0.00 | 10.00 | 0.43 | 10.00 |
| 2300112 | महापौर स्वविवेकाधीन फण्ड | निगम निधि | 0.00 | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| 2300113 | खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रोत्साहन हेतु व्यय | निगम निधि | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| 2300114 | राज्य वित्त आयोग विकास निधि | राज्य वित्त (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3000.00 |
| 2300115 | नव सम्मिलित 32 गाँवो के अवसंरचना विकास निधि | राज्य वित्त आयोग (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 600.00 |
| 2300116 | नगरीय क्षेत्रो के अन्त्येष्टि स्थल विकास निधि | राज्य वित्त आयोग (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 400.00 |
| | | | **2713.26** | **3067.05** | **431.42** | **7367.05** |
| | **उच्चंत** | | | | | |
| 2400101 | ठेकेदारों की जमानत वापसी | निगम निधि | 136.68 | 200.00 | 194.11 | 1000.00 |
| 2400102 | सामूहिक जीवन बीमा धनराशि की वापसी | निगम निधि | 15.73 | 50.00 | 10.30 | 50.00 |
| | योग | | **152.41** | **250.00** | **204.41** | **1050.00** |
| | **महायोग** | | **25,158.14** | **58431.86** | **5,863.94** | **64007.86** |

28/11/25
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

28/11/25
(ब्रजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

( डा0 अजय कुमार )
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# बजट की विस्तृत व्याख्या

## आय पक्ष

1- मूल बजट 2025-26 में आय व व्यय के वास्तविक आंकडें माह नवम्बर 2024 तक दिये गये है। ऐसा Utter Pradesh Municipal Account Manual के प्रावधान के अनुसार किया गया है। अद्यतन तिथि तक वास्तविक आय व व्यय के आंकडे पृथक से उपलब्ध कराये जा सकते हैं।

2- पूर्व में गृहकर व सेवा प्रभार दो भिन्न आय मद थे। सेवा प्रभार ऐसा गृहकर था जो राज्य सरकार/केन्द्र सरकार व अन्य अर्द्धसरकारी भवनों पर आरोपित होता है। प्रदेश में समान वडे नगरीय निकायों में (10 लाख से अधिक आबादी) इस प्रकार का कोई भेद नहीं किया गया है अतः दोनों आय मदों को एकीकृत किया गया है।

3- जनमंच का किराया- मा0 सदन के आदेशानुसार वर्तमान बजट में जनमंच का किराया एक पृथक आय मद सृजित किया गया है।

4- बजट में प्रथम बार 7 अंकों का बजट कोड प्रस्तुत किया गया है।

प्रथम दो अंक- Major Head Code

मध्य दो अंक- Intermediate Head Code

अन्तिम तीन अंक- Minor Head Code

उदाहरण के लिए - 11- कर राजस्व आय का Major Code है।

12 - करेत्तर राजस्व आय का Major Code है।

15 - अधिष्ठान व्यय का Major Code है।

5- दण्ड एवं जुर्माना- जो पूर्व में एकल बजट हेड था जिसे दण्ड एवं जुर्माना अध्यारोपित करने वाले विभागों के अनुसार 7 भिन्न श्रेणियों में विभक्त किया गया है। उक्त विभाजन से न केवल विभागीय कार्यदक्षता सुनिश्चित हो सकेगी, अपितु विभिन्न नगरीय नियमों/ उपविधियों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

6- लाईसेन्स शुल्क से आय- नगर निगम द्वारा 100 से अधिक श्रेणियों में लाईसेन्स शुल्क अध्यारोपित किया जा सकता है। अन्य नगरीय निकायों में यह करेत्तर आय का प्रमुख स्त्रोत हैं। वर्तमान बजट में इसे एकल श्रेणी से 7 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है। भविष्य में ऐसी समस्त श्रेणियों को आय के पृथक हेड में सम्मिलित किया जाएगा जिससे 1 लाख से अधिक आय की संभावना होगी।

7- निष्प्रयोज्य अपचलित भण्डार से आय- ऐसी निष्प्रयोज्य सामग्री, जो वर्ष भर विभिन्न विभागों से उपयोग उपरान्त उनके Scrap Register/भंडार पुस्तिका में दर्ज की जाती हो जैसे Used Tyre, Battries, खराब उपकरण व अतिक्रमण विभाग द्वारा जब्त किया गया सामग्री, प्लास्टिक आदि की नीलामी से प्राप्त आय।

8- निष्प्रयोज्य अप्रचलित सम्पत्ति से आय- ऐसी सम्पत्ति जिसका विवरण नगर निगम की Balance Sheet की सम्पत्ति पंजिका में होता है, उनकी नीलामी से उक्त आय प्राप्त होती है यथा पुरानी बिल्डिंग की नीलामी, पुराने वाहन की नीलामी, बडे नलकूप मोटर की नीलामी से होने वाली आय।

9- ब्याज से होने वाली आय- निगम की समस्त धनराशि Schedule Commercial बैंक में जमा की जाती है। उक्त आय केवल कर व करेत्तर राजस्व के Bank Deposit से होने वाली आय है। ब्याज की प्राप्तियों को 2 प्रकार की श्रेणियों में विभक्त किया गया है-

सावधि जमा- कर व करेत्तर राजस्व की धनराशि जो FD (Fixed Deposit) / Floating FD के रूप में जमा है, से प्राप्त ब्याज।

सामान्य ब्याज - कर/करेत्तर धनराशि जिस पर बैंक से सामान्य ब्याज प्राप्त होता है।

10- कर्मचारियों/अधिकारियों से प्राप्त मकान किराया कटौती- जिन कर्मचारियों/ अधिकारियों को निगम आवास आवंटित है, उनके HRA व Standerd Deduction को उक्त हेड में निगम आय के रूप में जमा किया जाएगा।

11- अधिकारियों के वाहन कटौती आय- नगर निगम के जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उनके वेतन से शासनादेश के अनुसार 1000 रू. प्रतिमाह कटौती की जाती है उक्त प्राप्तियों को निगम आय के रूप में दर्ज किया जाएगा।

12- शासकीय अनुदान से प्राप्तियां- (Major Head Code-13) उक्त समस्त प्राप्तियां राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से प्राप्त अनुदान (Grant) है। उक्त समस्त (Grant) उद्देश्यपरक (Purposive) होते हैं, जिसमें व्यय किये जाने हेतु सुस्पष्ट विषय एवं स्पष्ट प्रक्रियागत निर्देश होते है। उक्त समस्त Grant में आय की अपेक्षा शासन से की जाती है। व्यय आय के बराबर ही प्रस्तावित किया जाता है।

13- ठेकेदार से प्राप्त जमानत राशियां- निविदादाता ठेकेदारों द्वारा जो धनराशि धरोहर राशि के रूप में Online जमा की जाती हैं। उक्त समस्त धनराशि निविदा उपरान्त ठेकेदारों को वापस कर दी जाती है।

14- सामूहिक बीमा प्राप्तियां- कर्मचारियोंकी अधिवर्षता पूर्ण होने पर (Retirement) अथवा निधन पर जो सामूहिक बीमा की परिपक्वता धनराशि प्राप्त होती है उसे उक्त बजट हेड में आय में लिखा जाता है। प्राप्त समस्त धनराशि सम्बन्धित कार्मिकों को हस्तान्तरित कर दी जाती है।

# व्यय मद व्याख्या

1- अधिष्ठान मद- अधिष्ठान मद को अन्य नगर निगमों की भांति श्रेणीकृत किया गया है। विभागीय अधिष्ठान के स्थान पर समस्त निगम सेवकों को उनकी सेवा श्रेणी एवं स्थायित्व के प्रकार के आधार पर वर्गीकृत किया गया है यथा केन्द्रीयत पालिका सेवा सामान्य कर्मी, स्वच्छता मित्र अधिष्ठान, संविदा व आउटसोर्सिंग श्रेणी एवं पेंशनभोगी आदि श्रेणियां है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15085.00 लाख का प्राविधान किया गया है, जो गतवर्ष के पुनरीक्षित व्यय प्राविधान से 8.8 प्रतिशत अधिक अनुमानित है।

2- दायित्व (राज्यवित्त/ निगम निधि)- ऐसे समस्त कार्य जिनका कार्यादेश/अनुबंध 31 मार्च 2025 से पूर्व किया गया है, परन्तु जिनका भुगतान उक्त तिथि से पूर्व नहीं हो पाया है वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दायित्व की श्रेणी में सम्मिलित किये जायेंगें। दायित्व का बजट पूर्णतः विभागाध्यक्ष से वार्ता व अनुमान पर आधारित है। वास्तविक दायित्व की गणना दायित्व सूची जो 1 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 के मध्य समस्त विभागों से प्राप्त की जाएगी। अन्तिम दायित्व सूची के आधार पर पुनरीक्षित बजट में मा0 कार्यकारिणी/सदन की अनुमति से वास्तविक आंकडों के आधार पर संशोधन किया जाएगा।

3- पथ प्रकाश- शहर के पथ प्रकाश व्यवस्था के सुदृढीकरण हेतु गतवर्ष के पुनरीक्षित बजट के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल व्यय का प्राविधान 1972.08 लाख रू0 जो गतवर्ष की सापेक्ष 36 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के राज्यवित्त आयोग एवं निगम निधि द्वारा अवशेष कार्यों को जिनका भुगतान 2025-26 में होना है, उसे दायित्व के रूप में लिया गया है।

4- डॉ0 ए0पी0जे0 कलाम सौर पुंज योजना- उक्त योजना वित्तीय वर्ष 2016 में नवीनीकरण सौर ऊर्जा के कार्यालयी प्रयोग हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई थी। उक्त योजना में कुल धनांक 496.00 लाख रू0 की प्राप्ति दिसम्बर 2016 एवं अप्रैल 2018 को हुई थी। उक्त योजना में अद्यतन तिथि तक M/S Solor Energy Development Co-Operative Society को □143.96 लाख का भुगतान हो चुका है तथा अद्यतन तिथि तक ब्याज सहित धनांक 442.00 लाख अवशेष है।

5- जलकल विभाग- पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढीकरण हेतु वर्ष 2025-26 में 5480.00 लाख का बजट प्राविधानित है, जो गत वर्ष के पुनरीक्षित बजट के सापेक्ष 68.87 प्रतिशत अधिक है। अमृत 2.0 पेयजल योजना में निकायांश की धनराशि देय होने के कारण बजट में बढोतरी की गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वाले वार्डों के लिए 25 प्रतिशत का प्राविधान अलग से किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अवशेष कार्यों का भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के दायित्व का प्राविधान किया गया है। पेयजल व्यवस्था के प्रबंधन के लिए स्काडा सिस्टम लगाया जा रहा है।

6- जलकल विविध व्यय- ऐसा आकस्मिक व्यय जिसका जलकल विभाग के बजट में आवंटन न किया गया हो, उक्त हेतु धनराशि आवंटित की गई। मा0 सदन के आदेश के क्रम में उक्त बजट का 90 प्रतिशत घटाया गया है। निकट भविष्य में उक्त हेड को सांकेतिक अथवा समाप्त किया जाएगा।

7- स्वास्थ्य एवं गैराज- शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2820.00 लाख की धनराशि प्राविधानित है, जो गतवर्ष के सापेक्ष 48.18 प्रतिशत कम है। कमी का कारण गतवर्ष स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2300.00 लाख की धनराशि प्राविधानित थी लेकिन वर्ष 2024-25 में कोई धनराशि प्राप्त न होने के कारण पिछले अवशेष धनराशि के उपयोग हेतु मात्र 500.00 लाख प्राविधानित किया गया है एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अन्य कार्य के अंतर्गत केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम, ए0एण्ड ओ0ई0 मद, कैटलकैचर मद एवं भविष्य में शासन द्वारा उक्त के अतिरिक्त कोई अन्य धनराशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में रखा गया है। एस0बी0एम0 के अन्तर्गत प्रस्तुत समस्त बजट धनराशि की प्राप्ति व उनके व्यय विषय मात्र अनुमान है, जो पूर्ववत से ज्ञान के आधार पर बनाए गये है।

8- निर्माण कार्य- निर्माण विभाग द्वारा सडक,नाली,भवन,शौचालय आदि के निर्माण एवं मरम्मत सम्बन्धी कार्य कराये जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 27640.54 लाख प्राविधानित किया गया है, जो गतवर्ष पुनरीक्षित बजट से 3 प्रतिशत से अधिक है। उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए शहर को गढ्ढा मुक्त किये जाने के तहत सडक मरम्मत मद में 2100.00 लाख का प्राविधान किया गया है। इसके लिए इन्फ्रारेड पोटहोल मशीन का क्रय किया गया है। अमृत योजना के अंतर्गत पार्कों को सुसज्जित एवं सुन्दरीकरण तथा भूमिगत जल स्तर बढाने के लिए अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। सी0एम0 ग्रिड योजनान्तर्गत अवसंरचनात्मक सुधार, सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित की जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना उ0प्र0 सरकार द्वारा लायी गयी है।

9- पशुधन अनुभाग- उ0प्र0सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर लाने के क्रम मे माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला की स्थापना किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में गौशाला अनुभाग 825.00 लाख का बजट प्राविधानित है जो गतवर्ष पुनरीक्षित बजट के सापेक्ष 37.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। कुत्तों की बढती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने लिए श्वान बंध्याकरण पर नगर निगम द्वारा 200.00 लाख प्राविधानित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त रैबीज बीमारी के 2030 तक उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना (HEP-RE) के अन्तर्गत 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

10- उद्यान अनुभाग- नगरीय क्षेत्र के पार्कों के सौन्दर्यीकरण, साज-सज्जा आदि हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 683.19 लाख का प्राविधान किया गया है जो गतवर्ष की अपेक्षा 127 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उपवन योजना के अन्तर्गत वार्ड संख्या 53 रायवाला में स्थित नगर निगम की 65 बीघा जमीन पर अमृत वन वाटिका निर्माण हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा 283.19 लाख का प्राविधान किया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षण का बढावा मिलेगा।

उद्यान अनुभाग द्वारा सर्दियों के मौसम में अलाव की व्यवस्था कर जनकल्याणकारी कार्य भी किया जाता है।

11- रिकॉर्ड अनुभाग- नगर निगम के रिकॉर्ड अनुभाग द्वारा कार्यालय के मरम्मत, साज-सज्जा, जनमंच संचालन, मेला गुघाल एवं विविध आयोजनों की व्यवस्था की जाती है। मुद्रण-छपाई, स्टेशनरी लेखन सामग्री आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से रिकॉर्ड अनुभाग द्वारा किया जाता है। सभी कार्यालयों में कम्प्यूटराइजेशन-इंटरनेट की व्यवस्था, दूरसंचार, इलैक्ट्रनिक उपकरण के साथ-साथ सर्दियों में गरीबों को वितरित किए जाने वाले कम्बल आदि की जनकल्याणकारी कार्य भी किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड अनुभाग को 609.00 लाख आवंटित किया गया है,जो गतवर्ष के पुनरीक्षित अनुमान के सापेक्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि किया गया है। मेला गुघाल एवं उससे संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल संचालन भी रिकॉर्ड अनुभाग द्वारा किया जाता है।

12- विविध कार्य- विविध कार्यों हेतु 3067.05 लाख का प्राविधान किया गया है, जिसके सभी विभागों का डीजल क्रय, स्मार्टसिटी योजना से व्यय, जी0एस0टी0 भुगतान, विद्युत भुगतान मुख्य रूप से लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मा0 महापौर पार्षदगणों को बेस्ट प्रैक्टिसेज के अध्ययन हेतु देश के विभिन्न महानगरों में भ्रमण हेतु 30.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

13- ईंधन पर व्यय (2300108) - ईंधन पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1075 लाख का बजट प्रस्तावित है। मा0सदन के आदेशानुसार जनमंच हेतु पृथक बजट सृजित किया गया है। बजट को अनावश्यक रूप से लम्बा होने से बचाने के लिए विभिन्न विभागों हेतु आवंटन 9 उपश्रेणियों में किया गया है, जो मूल बजट के साथ संलग्न है।

14- उच्चंत धनराशि- ऐसी धनराशि होती है जो निगम की न तो वास्तविक आय होती है ना ही व्यय। उक्त धनराशि जिस मद में प्राप्त होती है, उस मद में वापस हो जाती है।

# विभागवार ईधन व्यय का उपविभाजन वित्तीय वर्ष 2025-26

| क्रम सं0 | विभाग का नाम | वास्तविक व्यय 2024-25 (धनराशि लाख में) | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 31.07.2025 तक (धनराशि लाख में) | पूनरीक्षित व्यय प्राविधान वित्तीय वर्ष 2025-26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गैराज अनुभाग | 624.00 | 171.15 | 900.00 |
| 2 | उद्यान अनुभाग | 15.68 | ....... | 35.00 |
| 3 | जनमंच | 2.85 | ....... | 5.00 |
| 4 | नगर निगम परिसर डीजल व्यय | 9.80 | ........ | 30.00 |
| 5 | विद्युत अनुभााग | 17.17 | 5.46 | 20.00 |
| 6 | गौशाला अनुभाग | 12.44 | 6.58 | 25.00 |
| 7 | निर्माण अनुभाग | 0.13 | ...... | 10.00 |
| 8 | अतिक्रमण अनुभाग | 2.24 | 1.00 | 5.00 |
| 9 | जलकल विभाग | 8.77 | ...... | 45.00 |
| कुल योग | | 693.08 | 184.19 | 1075.00 |

(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम सहारनपुर

(राजीव कुशवाहा)
सहायक लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर